### बांदकपुर का मामला, जांच में जुटी पुलिस, युवक शराब के नशे में था

# युवक ने पेट में कैंची मारकर की आत्महत्या



**नवभारत,दमोह 14 जनवरी। जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र के बांदकपुर में बुधवार दोपहर शराब के नशे में राजा राय नाम के 40 वर्षीय युवक ने खुद के पेट में कैंची मार ली, जिससे उसकी मौत हो गई।**

मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय और चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा ने घायल युवक को परिजन के साथ गंभीर हालत में इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉ. कौशिकी सिंह ने चेकअप उपरांत मृत घोषित कर दिया.

#### पेट में गंभीर घाव हो गया था

मृतक राजा राय निवासी मडिया के भतीजे विक्की राय ने बताया कि उनके चाचा शराब का सेवन करते थे. बुधवार दोपहर बांदकपुर में शराब के नशे में उन्होंने अपने पेट में कैंची मार ली. पेट में गंभीर घाव होने पर तत्काल उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया.

#### घटना का वीडियो वायरल

पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है. घटना का वीडियो भी वायरल हुआ है, जिसमें युवक सड़क पर घायल अवस्था में पड़ा दिखाई दे रहा है. हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है.

### नशे में आग तापते वृद्ध गिरा, झुलसा



आग तापते समय नशे में होने के कारण आग में गिर जाने पर एक व्यक्ति झुलस गया. जिसे इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया है, जिसका उपचार जिला अस्पताल में डॉक्टरो द्वारा किया जा रहा है। आग से झुलसा भूरा की उम्र 60 वर्ष बताई जा रही है।

# ओबेन इलेक्ट्रिक का दमोह में शोरूम शुरू

**पूर्व मंत्री व सांसद जयंत मलैया ने किया उद्घाटन**


**दमोह नवभारत 14 जनवरी।** भारत की तेजी से बढ़ती और रिसर्च एंड डेवलपमेंट बेस्ड इलेक्ट्रिक मोटरसाईकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने बुधवार को दमोह में अपने देशभर के 85वें शोरूम की शुरुआत की। इसके साथ ही यहां एक खास ओबेन केयर सर्विस सेंटर भी खोला गया है।

यह कदम कंपनी की तेजी से हो रही विस्तार योजना को दर्शाता है और मेट्रो शहरों से आगे छोटे और तेजी से बढ़ते क्षेत्रों में इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल को बढ़ावा देने पर ओबेन इलेक्ट्रिक के फोकस को मजबूत करता है। शोरूम का उद्घाटन जयंत मलैया पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सांसद, धर्मेंद्र सिंह लोधी प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री, लखन पटेल स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री और दमोह भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे की मौजूदगी में किया गया।

### प्रदेश में 9 शोरूम संचालित है

इस नए शोरूम के साथ अब ओबेन इलेक्ट्रिक प्रदेश में 9 शोरूम संचालित कर रही है। ओबेन इलेक्ट्रिक की फाउंडर और सीईओ मधुमिता अग्रवाल ने कहा, 'टियर-2 और टियर-3 शहर भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के असली ग्रोथ सेंटर बनकर उभर रहे हैं। मध्य प्रदेश में कंपनी का यह विस्तार एक सोच-समझकर बनाई गई रणनीति का हिस्सा है, जिसमें मजबूत सेल्स और सर्विस नेटवर्क के साथ लोकल लेवल पर बेहतर इकोसिस्टम तैयार किया जा रहा है। दमोह शोरूम में कस्टमर्स ओबेन इलेक्ट्रिक की फ्लैगशिप बाइक रोर इज सिग्मा का एक्सपीरियंस ले सकते हैं।

# सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन भुगतान आदेश वितरित



**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले के 24 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ) का वितरण किया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कोचर ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल व सुखमय भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने पेंशन प्रकरणों के समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए, ताकि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।कार्यक्रम में जिला पेंशन अधिकारी श्रेणिक बड़कुल सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर में



### बबली गढ़ धाम में अखंड रामायण पाठ जारी

**कुम्हारी नवभारत 14 जनवरी।** श्री रामचरितमानस रामायण अखंड पाठ माघ महीने की पूर्णिमा से शुरू हुआ, जो निरंतर जारी है। श्रद्धालु बारी-बारी से रामचरितमानस पाठ में सहभागिता निभा रहे हैं। आस्था और विश्वास का प्रतीक बबली गढ़ धाम क्षेत्र जहां हनुमान प्रतिमा स्वयं प्रकट होकर भक्तों की मनोकामना पूर्ण करती हैं। रामचरित मानस रामायण अखंड पाठ में ग्रामीण अंचलों से भक्त 24 घंटे सेवाएं देकर धर्म लाभ ले रहे। यह सिद्ध क्षेत्र अति प्राचीन है, जहां मंगलवार, शनिवार, पूर्णिमा और अमावस्या श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता हैं।

### युवाओं ने लिया स्वदेशी अपनाने का संकल्प

**नवभारत,दमोह।** जिले के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस में स्वदेशी जागरण मंच व जन अभियान परिषद की संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी संकल्प दौड़ व ग्रामोदय से अभ्युदय तक कार्यक्रम संपन्न हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन द्वारा ग्रामीण जीवन में आ रही कठिनाइयां एवं समस्याओं को दूर करना व जिले के स्वदेशी जागरण मंच द्वारा युवाओं को अपने लक्ष्य के प्रति संकल्पित होकर राष्ट्र को आगे बढ़ाने हेतु एकजुट करना था। अंत में सभी ने स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया व स्वदेशी संकल्प दौड़ में जय जय स्वदेशी के नारे लगाते हुए हिस्सा लिया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीत पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला कलेक्टर सुधीर कोचर, जिला संयोजक डॉ. हरिओम दुबे, जिला सहसंयोजक स्वदेशी जागरण मंच डॉ. प्रिया श्रीवास्तव, सुशील नामदेव, बृजेश सेन, कंचन असाटी, संजय खरे, भावना दुबे, एकता विश्वकर्मा, बबीता श्रीवास्तव, सृष्टि जैन ,शालिनी जैन सहित सभी सामाजिक संगठन उपस्थित रहे।

### केशव नगर में सीसी रोड़ का किया गया भूमिपूजन

**नवभारत,दमोह।** दमोह जनपद क्षैत्र की ग्राम पंचायत पिपरिया दिगम्बर के ग्राम लाड़ानबाग के केशव नगर में 25 लाख रूपये की लागत से बनने वाली सीमेंट काक्रींट रोड़ का भूमिपूजन सम्पन्न हुआ ।इस अवसर पर प्रदेश के पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल, दमोह विधायक व पूर्व वित्त मंत्री जयंत कुमार मलैया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, विवेक शैन्डेय, रमन खत्री, संतोष अठ्या, मनीष तिवारी, राजीव अयाची, कपिल सोनी, संतोष रोहित, गुड्डा यादव, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# महिला साईकिल रैली से शुरू होगा बुंदेली मेला महोत्सव

**20 को देश की प्रसिद्ध लोक गायिका मालिनी अवस्थी प्रस्तुति देंगी, कवि सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा**




**नवभारत,दमोह 14 जनवरी।** बुंदेली संस्कृति, परंपरा व लोककला के संरक्षण और संवर्धन को समर्पित बुंदेली गौरव न्यास द्वारा आयोजित बुंदेली मेला महोत्सव 2026 का आयोजन इस वर्ष 16 जनवरी से 1 फरवरी तक किया जाएगा। इस भव्य आयोजन को लेकर मेला ग्राउंड में एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।

पत्रकार वार्ता में मेला के पदाधिकारी विवेक शेंडे, सिद्धार्थ मलैया, प्रभात सेठ व मोहित संगतानी विशेष रूप से उपस्थित रहे। आयोजकों ने जानकारी देते हुए बताया कि मेले के प्रथम दिवस 16 जनवरी को महिला साइकिल रैली के साथ महोत्सव का शुभारंभ किया जाएगा। यह रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख चौराहों से गुजरते हुए तहसील मैदान में समाप्त होगी।

#### विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे

आयोजकों ने बताया कि बुंदेली मेला महोत्सव के दौरान प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं व लोककला से जुड़ी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी, जिनका उद्देश्य बुंदेली संस्कृति को जन-जन तक पहुंचाना है। महोत्सव के अंतर्गत 20 जनवरी को देश की प्रसिद्ध लोकगायिका मालिनी अवस्थी अपनी प्रस्तुति देंगी।

#### पॉप सिंगर मनन वीर सिंह भी देंगे प्रस्तुति

लोकप्रिय पॉप सिंगर मनन वीर सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इसके अतिरिक्त मेले में राम की शक्ति पूजा, आम्रपाली एवं बुद्ध नाटिका, नारी गौरव एवं महान पुरुषों पर आधारित प्रस्तुतियां, राष्ट्रीय कवि सम्मेलन कौन है दमदार, स्वर श्री, नृत्य श्री एवं वाद्य श्री सहित अनेक आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों ने नागरिकों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सांस्कृतिक महोत्सव को सफल बनाएं और बुंदेली विरासत के संरक्षण में सहभागी बनें।



### शिक्षक ने कलेक्टर को भेंट की किताब


**नवभारत,दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को कलेक्ट्रेट कार्यालय में पटेरा के माध्यमिक शिक्षक अजीत अवस्थी ने अपनी प्रकाशित किताब भारतीय शिक्षा, विकल्पों का समीकरण भेंट की। कलेक्टर कोचर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनकी इस कृति के लिए बधाई दी। ज्ञात हो कि भारतीय शिक्षा प्रणाली पर यह किताब विमर्श करती हैं। शिक्षा के बदलते प्रयोजनों के आधार पर शिक्षा प्रणालियों और उनकी व्यवस्थाओं में परिवर्तन सममयानुकूल होता रहा हैं।किताब में भारत के आदिमकाल से लेकर वैदिककाल, मुगलकाल, ब्रिटिशकाल और वर्तमान प्रचलित नई शिक्षा नीति 2020 तक की शिक्षा व्यवस्था पर एक समग्र विमर्श हैं।



### एमपी यूथ गेम्स विखं स्तरीय चयन स्पर्धा आयोजित

**नवभारत,दमोह।** खेल और युवा कल्याण विभाग ग्रामीण युवा केंद्र पथरिया द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स विकासखंड स्तरीय चयन प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड पथरिया की सरस्वती शिशु मंदिर खेल मैदान में किया गया। प्रतियोगिता बालक व बालिका दोनों वर्ग में आयोजित की गई।इसमें वॉलीबॉल, शतरंज, योगासन, पिट्ठू, रस्साकसी व खो खो, एथलेटिक्स खेलो की ट्रायल आयोजित की गई। आयोजन प्रभारी युवा समन्वयक श्रीमती संतोषी पटेल द्वारा बताया गया कि विकासखंड से चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय खेलों एमपी यूथ गेम्स में सम्मिलित होंगे।

# गौ-संरक्षण का संदेश हर घर पहुंचाए : जैन



**नवभारत,दमोह।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद दमोह के निर्देशन में सेक्टर अभाना की नवांकुर संस्था उन्मुक्त सर्वजन कल्याण समाजसेवी संस्था' द्वारा ग्राम हरदुआ मुड़र व हथनी पिपरिया में विशेष बैठक एवं ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम सरकार के ग्रामोदय से अभ्योदय अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता वंदना जैन ने ग्राम विकास की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्रामोदय से अभ्योदय अभियान के अंतर्गत हमें ग्रामीण स्तर पर समितियों को सक्रिय करना है। सामूहिक श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान को गति दी जाए। पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति और गौ संरक्षण का संदेश हर घर तक पहुंचाया जाए।

#### समितियां नियमित बैठक करें

उन्होंने बताया कि समितियों को अपनी प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए नियमित बैठक करनी चाहिए। इन बैठकों में ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं वरिष्ठ नागरिकों को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करना चाहिए ताकि आपसी समन्वय से गांव की समस्याओं का निराकरण हो सके और विकास योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुं चे ।बैठक में ग्राम प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव एवं भगवानदास यादव संतोष यादव खुमानआदिवासी गणेश यादव रविंद्र यादव नकुल यादव भगवान लोधी नारायण पांडे मयंक जैन प्रतीक्षा राजपूत गंधार सिंह सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

### अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया व श्रद्धांजलि अर्पित की

# सांसद की बेटी संस्था सिंह का आकस्मिक निधन



**नवभारत,हिण्डोरिया/दमोह.** दमोह संसदीय क्षेत्र के भाजपा सांसद राहुल सिंह लोधी की पुत्री संस्था सिंह का अल्प आयु मे ऐम्स हास्पिटल दिल्ली मे इलाजरत रहते हुये आकस्मिक निधन हो गया.इनकी अंतिम शव यात्रा में दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, श्याम शिवहरे अध्यक्ष, एसपी सुजीत सिंह भदोरिया, एसडीएम आरएल बागरी, शिवचरण, पूर्व विधायक अजय टंडन, मनु मिश्रा, नगर पालिका सीएमओ राजेंद्र सिंह, कपिल खरे, प्रेम सिंह पटेरा, तहसीलदार प्रीतम सिंह, सीएसपी एचआर पांडे, एसडीओपी प्रिया सिंधी, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर, टीआई मनीष कुमार, चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा,मलखान सिंह सहित शासन प्रशासन के अनेक जनप्रतिनिधियों, आला अधिकारियों, मीडिया मित्रों के अलावा सभी वर्गों के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया व मृतात्मा की शांति के लिये श्रध्दांजलि अर्पित कर शोकाकुल परिजनों को ढाढस बंधाया. दमोह सांसद राहुल सिंह की बहन रितु सिंह ने भी शोकसभा में शामिल हुए सभी के बीच दुख प्रकट किया.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुपुत्री के निधन पर दु:ख व्यक्त किया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दमोह लोकसभा क्षेत्र से सांसद राहुल सिंह लोधी की सुपुत्री सुश्री संस्था सिंह के अल्पायु में आकस्मिक निधन पर दु:ख व्यक्त किया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सांसद श्री लोधी की सुपुत्री के निधन का समाचार व्यथित करने वाला है.मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजन को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है.

### संस्था के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की



दमोह सांसद की पुत्री संस्था के निधन पर केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक, दमोह विधायक जंयत मलैया, छतरपुर विधायक रेखा यादव, बिजावर विधायक राजेश बबलू शुक्ला के साथ खरगापुर से पूर्व विधायक राहुल सिंह के साथ और भी अन्य लोगों ने हिंडोरिया निज निवास पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



### एसबीआई की विशेष एसएमई शाखा शुरू

**50 लाख रुपये से अधिक के व्यावसायिक ऋण प्रदान किए जाएंगे**

**नवभारत,दमोह 14 जनवरी।** भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जिले के व्यापारियों व उद्यमियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष एसएमई शाखा का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप महाप्रबंधक हरे राम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक हरीश रघुवंशी, मुख्य प्रबंधक आशीष रावत,सुमित सिंह ठाकुर एवं शाखा प्रबंधक विजय कुमार पांडेय की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने संयुक्त रूप से शाखा का शुभारंभ कर बैंक की इस नई पहल की सराहना की। ज्ञात हो कि यह विशेष शाखा 18 अगस्त 2025 से संचालित है, जिसे विशेष रूप से 50 लाख रुपये से अधिक के व्यावसायिक ऋण प्रदान करने हेतु स्थापित किया गया है।

#### त्वरित व सुगम बैंकिंग सेवा हो रही उपलब्ध

शाखा प्रबंधक ने जानकारी दी कि यह शाखा एक विशेष वर्ग के ग्राहकों के लिए होने के कारण यहां भीड़-भाड़ नहीं रहती, जिससे ग्राहकों को त्वरित व सुगम बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। 50 लाख रुपये से अधिक के सभी व्यवसायिक ऋ्रण की सुविधा। बिना भीड़ के तेज व प्रभावी बैंकिंग सेवाएं तथा व्यवसाय से संबंधित सभी वित्तीय सेवाओं का एक ही स्थान पर समाधान शामिल हैं। एसएमई शाखा प्रथम तल,एसबीआई मुख्य शाखा,किल्लाई नाका, दमोह।

### दो पशु मालिकों को 60 हजार का धनादेश जारी

**नवभारत,दमोह।** मप्रपूक्षे विवि कंपनी लिमिटेड दमोह उत्तर संभाग कार्यपालन अभियंता प्रवीण कुल्हारे ने बताया मडियादो वितरण केंद्र के ग्राम तिंदनी में संतोष यादव की एक भैंस की मृत्यु करेंट लगने से हुई थी।

**In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court, Damoh**
**Presiding Officer : सुश्री स्नेहा सिंह**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमाक (MJC SUC/0000001/2026)

कृष्णा रैकवार ...... आवेदक
Vs
आम जनता ...... अनावेदक

Process Id-/2026

प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 16/02/2026

(1) आम जनता पता- पता- नवभारत दमोह म.प्र.
(2) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक कृष्णा रैकवार पता ने मृतक हरप्रसाद पिता मुलू रैकवार निवासी सदगुवा पथरिया जिला दमोह म.प्र. की 90,000 अंकन नब्बे हजार रुपए मात्र राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 16 February 2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16 February 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें ।सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 10 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

सील

**न्यायाधीश**
**(स्नेहा सिंह)**
**प्रथम व्यवहार न्यायधीश**
**वरिष्ठ खंड दमोह जिला दमोह (म.प्र)**

**कृपया ध्यान दें:-** 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।